	राजस्थान राजपत्र विशेषांक	RAJASTHAN GAZETTE Extraordinary
सत्यमेव जयते	साधिकार प्रकाशित	Published by Authority
	माघ 07, बुधवार, *शाके* 1942–जनवरी 27, 2021 *Magha 07, Wednesday, Saka 1942-January 27, 2021*	

भाग-1(ख)

महत्वपूर्ण सरकारी आज्ञायें।

जल संसाधन विभाग

विज्ञप्ति

जयपुर, जनवरी 12, 2021

संख्या 96/भू.अ./ज.सं./2015/2302-2306: चूंकि राज्य सरकार को ऐसा प्रतीत होता है कि राज्य व्यय पर सार्वजनिक प्रयोजनार्थ फुलपुरी फोर वाटर माईक्रो सिंचाई योजना तालाब के निर्माण एवं डूब क्षेत्र में शेष रहे खसरों की भूमि को अवाप्ति किया जाना आवश्यक है। यह विज्ञप्ति किया जाता है कि सूची में वर्णित इलाकों की भूमि की उक्त प्रयोजनार्थ आवश्यकता है। अतः यह विज्ञप्ति भूमि अर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 की धारा 11-12 के अनुसार उन सब हितकारियों के निमित्त जारी की जाती है जिनका इससे संबध है।

उक्त धारा में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्य सरकार उन समस्त अधिकारियों को, जिनका इससे संबध है, को कुछ समय के लिए अपने सेवकों एवं श्रमिकों सहित उस क्षेंत्र में प्रवेश करने, सर्वेक्षण करने तथा वे सब कार्य करने हेतु अधिकृत करती है, जो उक्त धारा में दर्शाये गये है।

कोई हितकारी व्यक्ति जिसे सूची में वर्णित क्षेंत्र की किसी भूमि के अवाप्त करने के सम्बन्ध में कोई आपत्ति हो तो वह उक्त विज्ञप्ति के राजपत्र में प्रकाशन होने के 60 दिन के अन्दर आपत्ति लिखित में भूमि अवाप्ति अधिकारी (उपखण्ड अधिकारी) सज्जनगढ को प्रस्तुत कर सकता है।

विवरण

कार्यालय अधिशाषी अभियंता जल संसाधन खंड, बांसवाडा

केन्द्रीय भूमि अवाप्ति अधिनियम 2013 के प्रावधानों के अनुसार

फुलपुरी फोर वाटर्स अंतर्गत माईक्रो सिंचाई योजना के तालाब के डूब क्षेंत्र में अवाप्त भूमि की

धारा–11 व 12 के प्रस्ताव

भूमि अवाप्ति अधिकारी (उपखण्ड अधिकारी) सज्जनगढ जिला बांसवाड़ा (राजस्थान)

ग्राम फुलपुरी तहसील सज्जनगढ जिला बांसवाड़ा के अवाप्त भूमि के शेष खातेदारों की सूची रकबा एकडों में |

क्रम संख्या	खसरा नम्बर	कुल क्षेत्रफल रकबा एकडों में	किस्म जमीन	अवाप्त होने वाली भूमि एकडों में	नाम खातेदार
1	2	3	4	5	6
1	62/2	1.03	बरडी	0.75	मानसिंग पिता कालु भील सा. देह खातेदार

2	60	1.24	बरडी-3	0.51	कंकुडी पिता मगन भील सा. देह खातेदार
	योग-			1.26	एकड

गोश्वारा अवाप्त होने वाली भूमि का विवरण रकबा एकडों में

क्रम संख्या	गांव	श्री सरकार भूमि	खातेदार की भूमि	योग	कुल
1	फूलपुरी	0.00	1.26	1.26	-
	योग	0.00	1.26	1.26	-

जितेन्द्र दीक्षित
उप सचिव एवं प्रावै. सहा.
वास्ते मुख्य अभियन्ता, जल संसाधन,
राजस्थान, जयपुर।

राज्य केन्द्रीय मुद्रणालय,जयपुर।